"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 397] रायपुर, शनिवार, दिनांक 22 अक्टूबर 2016— आश्विन 30, शक 1938

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 21 अक्टूबर 2016

अधिसूचना

क्रमांक एफ 3-12/2016/एक-7. — थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा में दिनांक 17-09-2016 को पुलिस अभिरक्षा में श्री सतीश नोरंगे पिता श्री राजाराम नोरंगे की मृत्यु की न्यायिक जांच हेतु विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 19-09-2016 द्वारा माननीय श्री इंदरसिंह उबोवेजा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, छ. ग. उच्च न्यायलय की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित किया गया है.

2. कलेक्टर-जांजगीर-चांपा द्वारा दिये गये सहमति अनुसार राज्य शासन एतद्द्वारा एकल सदस्यीय जांच आयोग के कार्य संपादन हेतु जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा के भू-तल में निम्नानुसार कक्ष आवंटित करता है.

1. स्टाफ के कार्य संपादन हेतु कक्ष क्रमांक 25
2. कोर्ट रूम हेतु कक्ष क्रमांक 26
3. माननीय न्यायमूर्ति हेतु कक्ष क्रमांक 27
4. सचिव हेतु कक्ष क्रमांक 29

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, अपर सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2016.